हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल गुरुवार 15 जनवरी 2026

04 खाटू श्याम बाबा का एकादशी पर 3100...



07 गोधाम में गौ अभ्यारण्य और गीता भवन बनेगा...





## खबर संक्षेप

### प्रेसवार्ता आज, प्रहलाद पटेल करेंगे संबोधित

**विदिशा।** सांची रोड स्थित होटल रिवर्स साइड इन में आज दोपहर 12 बजे वीबी जी राम जी विषय पर आज प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल मौजूद रहेंगे। प्रेसवार्ता में वीबी जीरामजी योजना के उद्देश्य, क्रियान्वयन और इसके ग्रामीण विकास में महत्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### एक हजार कर्मचारियों को नहीं मिली तनख्वाह

**विदिशा।** जनवरी माह के 15 दिन बीत जाने के बाद भी नगरपालिका के लगभग एक हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल वेतन भुगतान की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना वेतन के कर्मचारी त्योहार कैसे मनाएं। आशीष माहेश्वरी ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारी दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं, ऐसे में उनका वेतन समय पर न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी कर्मचारी को ईएमआई जमा करनी है, किसी को बच्चों की स्कूल-कॉलेज फीस भरनी है, तो किसी को राशन और गैस सिलेंडर जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

### रिपटा पर पुलिया निर्माण का रास्ता साफ

**ग्यारसपुर।** नेशनल हाईवे-146 बायपास पर स्थित जामुन वाला रिपटा पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों की मांग अब रंग लाती नजर आ रही है। मोहनपुर गांव की निचली बस्ती में बारिश के दौरान जलभराव और घरों के डूबने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में एसडीएम शशि मिश्रा को आवेदन सौंपा था। जिसके बाद विधायक हरि सिंह रघुवंशी के हस्तक्षेप पर एनएच अधिकारियों से चर्चा हुई। एसडीएम के निर्देश पर एमकेसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिगंबर सिंह फौजदार व लाइजनिंग मैनेजर पंकज गुप्ता ने स्थल निरीक्षण कर पुलिया निर्माण का आश्वासन दिया।

### नदी पर अवरोध से पेयजल संकट, ग्रामीणों ने सौंपा पंचनामा

**ग्यारसपुर।** ग्राम चक्क सीहोद के ग्रामीणों ने नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किए जाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को पंचनामा सहित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों के अनुसार 27 दिसंबर को बोरी रामपुर घटेरा पंचायत क्षेत्र के कुछ लोगों ने जॉन डियर ट्रैक्टर से नदी पर अवैध पुलिया-डेमनुमा संरचना बना दी, जिससे जल प्रवाह रुक गया। इससे चक्क सीहोद सहित आसपास के गांवों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत व पटवारी निरीक्षण के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे आरोपी उग्र व्यवहार कर रहे हैं।

### जंगल में गश्त कर रहे वनकर्मी, बढ़ाई निगरानी

**शमशाबाद।** वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों को अवैध शिकार से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत शमशाबाद वन परिक्षेत्र में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया। यह अभियान वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के नेतृत्व में गठित गश्ती दल ने शिकार की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल जंगल गश्त की। इस दौरान वन मार्गों, जलस्रोतों, नालों एवं संभावित ट्रैप स्थलों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। कहीं भी अवैध शिकार के संकेत न मिलें, इसके लिए टीम ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता के साथ निगरानी रखी। कर्मचारियों ने ग्रामीणों से संवाद भी किया। उन्हें वन्य प्राणी संरक्षण का महत्व बताया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना वन विभाग को देने के लिए प्रेरित किया।

## रामलीला का शुभारंभः माधवगंज से रामलीला तक शिवबारात निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

125वें वर्ष की रामलीला के लिए बुधवार को माधवगंज से रामलीला मेला परिसर तक शिव बारात निकाली गई। इसी के साथ ही रामलीला में लीलाओं का मंचन भी शुरू हो गया है।

शिव बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया है। भगवान भोलेनाथ ब्राह्माड के समस्त देवी देवताओं और गंधर्व, सुर, असुर, पशुओं के साथ बारात लेकर निकले। दूल्हा बने शिव के बाराती रहे भूत, पिशाच, नर, किन्नर उत्साह से नाचते हुए चल रहे थे। रामलीला मेला समिति के मानसेवी सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने रामलीला के तिथिवार कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन 15 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा, जिसमें प्रभु श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों का सजीव मंचन किया जाएगा। 15 जनवरी को गंगादर्शन एवं नारद मोह, 16 को प्रतापभानु श्राप से स्वयंभुव मनु एवं शतरूपा तक, 17 जनवरी को रावण जन्म तथा इन्द्र-मेघनाथ युद्ध, 18 जनवरी को श्रीराम जन्मोत्सव एवं बाल लीला, 19 जनवरी को सीता जन्म, ताड़का एवं सुवाहु वध, 20 जनवरी को सीता स्वयंवर एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन होगा। 21 तारीख को श्रीरामचंद्र की दिव्य बारात दोपहर 3 बजे माधवगंज शिवालय से भव्य झांकियों के साथ निकाली जाएगी। 22 जनवरी को श्रीराम विवाह, 23 जनवरी को विवाह उत्सव एवं ब्राह्मण भोज, 24 जनवरी को अयोध्या में दशरथ सभा, 25 जनवरी को श्रीराम वनवास एवं गंगा तरण की लीला का मंचन होगा।



विदिशा। माधवगंज से निकाली गई शिव बारात में शहर के गणमान्य नागरिक सहित रामलीला मेले के पदाधिकारी शामिल हुए।

### इन लीलाओं का होगा मंचन

29 जनवरी को बाली वध एवं सुग्रीव राज्याभिषेक, 30 जनवरी को लंका दहन, 31 जनवरी को सेतुबंध, श्रीरामेश्वरम स्थापना एवं अंगद-रावण संवाद प्रस्तुत होगा। 1 फरवरी को सेना युद्ध एवं लक्ष्मण शक्ति, 2 फरवरी को आतिकाय वध एवं कुंभकरण वध, 3 फरवरी को मेघनाथ वध एवं सुलोचना सती, 4 को अहिरावण वध, 5 को नारांतक वध, 6 को महासंग्राम, मायादर्शन एवं श्रीराम-रावण भीषण युद्ध के साथ रावण वध का मंचन होगा। 7 फरवरी को विभीषण राजतिलक एवं श्रीराम-भरत मिलाप, 8 को श्रीराम राज्याभिषेक तथा 9 फरवरी को श्रीराम जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### मकर संक्रांति पर आज बेतवा के बड़वाले घाट पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

## बेतवा के घाट-घाट पर होगा संक्रांति पर्व का स्नान, ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

***मकर संक्रांति पर आज बेतवा के बढ़वाले घाट पर हजारों श्रद्धालु सुबह से ही डुबकी लगाएंगे। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां की हैं। पवित्र बेतवा के घाटों पर पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात कर दिए गए हैं जो मुस्तैदी के साथ घाटों पर निगरानी करेंगे। बुधवार शाम को भी बड़ी संख्या में लोग डुबकी लगाने पहुंचे। क्योंकि संक्रांति का पर्व 14 जनवरी की शाम से शुरू हो गया है।***



विदिशा। बुधवार शाम से ही बेतवा के घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचाना शुरू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मकर संक्रांति पर आज बेतवा के तटों पर हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। बढ़वाले घाट पर मेला लगेगा। महिलाएं नदी में स्नान कर मंदिरों पर पूजा अर्चना करेंगी।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए होमगार्ड जवानों घाटों पर तैनात कर दिए गए हैं। मोटर बोट की मदद से नदी का मुआयना भी किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बुधवार को होमगार्ड के जवान संसाधनों के साथ नदी घाटों पर पहुंचे। प्रशासन ने सभी पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ मुस्तैद रहेगा। बड़ वाले घाट के अलावा चरणतीर्थ मंदिरों के घाट, रामघाट, महलघाट पर भी श्रद्धालु मकर संक्रांति पर डुबकी लगाने पहुंचते हैं। इन घाटों पर भी प्रशासन द्वारा पुलिस की निगरानी के लिए व्यवस्था की गई है।



विदिशा। कुंड में डूबी युवती को जवान ने जान पर खेलकर बचाया।

### जवान ने डूबती युवती की बचाई जान

मकर संक्रांति मेले के दौरान लटेरी पुलिस की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण सामने आया। थाना लटेरी अंतर्गत ग्राम बड़ी मदागन में आयोजित मकर संक्रांति मेले के दौरान कुंड स्नान करते समय पूजा अहिरवार, निवासी खलीलपुर मुरवास का पैर फिसल गया और वह कुंड में डूबने लगी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए थाना लटेरी में पदस्थ सैनिक राजेश सूर्यवंशी ने बिना देर किए साहसिक कदम उठाया। उन्होंने तत्काल कुंड में उतरकर युवती को सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। पुलिस जवान की तत्परता से एक अनमोल जीवन सुरक्षित हो सका। घटना के बाद मौके पर मौजूद नागरिकों ने जवान की जमकर सराहना की। यह घटना पुलिस बल की कर्तव्यनिष्ठा को उजागर करती है।

## नपाध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट निरीक्षण किया



विदिशा। बेतवा स्थित पेयजल फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते हुए नपाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दूषित पेयजल में इंदौर की घटना के बाद विदिशा नगरपालिका सतर्क हो गई है। बुधवार को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पानी को शुद्ध करने के लिए की जाने वाले प्रक्रिया भी जानी। कर्मचारियों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए और सतत निगरानी की जाए।

### डाइट में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

**विदिशा।** डाइट में विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान पर आधारित जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में 140 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मॉडल प्रदर्शन, सेमिनार, प्रश्न मंच एवं एकल गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं ।जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव, डायट प्राचार्य जीपी राठी एवं जिला परियोजना समन्वयक आरपी लखेर ने विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिए।



## मारपीट, धमकी से परेशान युवक ने जहर खाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मारपीट और जान से मारने की धमकी से मानसिक रूप से परेशान जतरापुरा निवासी 19 वर्षीय युवक ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान प्रेम सिंह किरार (19) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बमोरी क्षेत्र के रावण गांव का रहने वाला था और वर्तमान में जतरपुरा इलाके में रहकर पेढ़ी चौराहे पर एक दूध की दुकान में काम करता था। परिचितों के अनुसार प्रेम की चाची ने रवि कुशवाह नामक एक व्यक्ति को अपना भाई बना रखा था, उससे प्रेम का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मंगलवार को प्रेम अपने चाचा के बेटे के साथ मामा के यहां गया था, ताकि उस युवक के साथ गलतफहमी दूर की जा सके।

वहां विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। इसके बाद दुकानदार मौके पर पहुंचा और प्रेम को वापस दुकान पर ले आया। इस घटना से प्रेम बुरी तरह घबरा गया। इसके बाद वह दुकान से कुछ समय के लिए बाहर गया और मौका देखकर जहरीला पदार्थ खा लिया। वापस दुकान पर आकर वह बैठ गया, लेकिन थोड़ी देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने मानसिक रूप से पीड़ित महिला को दिलाया उपचार

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित एक असहाय महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया। नियमित भ्रमण के दौरान पुलिस टीम को महिला असुरक्षित अवस्था में मिली, जिसकी गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसपी रोहित काशवानी को सूचना दी गई। निर्देशों के पालन में महिला को सुरक्षित रूप से थाना कोतवाली लाया गया। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद महिला को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा महिला के हित में उसे मानसिक चिकित्सालय, ग्वालियर में भर्ती कराने का आदेश दिया गया।

## शमशाबाद बसस्टैंड पर 5 बसों से 810 लीटर डीजल हुआ गायब, ड्राइवर और क्लीनर अंदर सोते रह गए

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

शमशाबाद स्थित नए बसस्टैंड पर डीजल चोरी की वारदात सामने आई है। मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने शक्ति कंपनी की पांच यात्री बसों के डीजल टैंकों के ताले तोड़कर लगभग 810 लीटर डीजल चुरा लिया। चोरी हुए डीजल की अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये बताई जा रही है।

बस सुपरवाइजर राजेश सक्सेना ने बताया कि पांचों बसें डीजल से पूरी तरह भरी हुई थीं। इन्हें रात करीब 9 बजे शमशाबाद नए बस स्टैंड पर खड़ा किया गया था। उस समय बसों में ड्राइवर और क्लीनर भी सो रहे थे।



बुधवार सुबह जब देखा गया, तो सभी बसों के डीजल टैंकों के ताले टूटे हुए थे और डीजल गायब था। आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना के बाद बस सुपरवाइजर ने शमशाबाद थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### पहले भी हो चुकी हैं इस तरह की घटना

बस मालिक तेजेंद्र सिंह ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी उनकी बसों से डीजल चोरी हो चुका है। पहले भी शिकायत पुलिस में की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बसस्टैंड पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण ऐसी वारदातें लगातार हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से बस स्टैंड पर रात्रि सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। लगातार हो रही चोरी की इन घटनाओं से बस संचालकों में भारी नाराजगी है। उनका मानना है कि खुले बस स्टैंड और रात्रि गश्त की कमी चोरों को वारदातें करने का आसान मौका दे रही है।

### नागपुर को 21 रनों से हराया, खिताबी मुकाबले में फरीदाबाद से भिड़ंत

## शुभम के तूफानी शतक से इंडियन नेवी फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कनारा क्लब द्वारा आयोजित 56वीं कनारा क्रिकेट ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को रोमांच से भरपूर रहा। इंडियन नेवी ने वीटीसीए नागपुर को 21 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

टॉस जीतकर नागपुर ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया, लेकिन यह फैसला इंडियन नेवी के बल्लेबाजों के सामने गलत साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेवी ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर विशाल 242 रन बनाए। टीम की ओर से शुभम रोहिल्ला ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 49 गेंदों में 8 चौके और 7 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। उनका साथ देते हुए नितिन राधा तंवर ने 25 गेंदों में 56 रनों की आक्रामक पारी खेली। इसके अलावा कुंवर पाठक, शमशेर यादव और मोहित जांगड़ा ने भी उपयोगी योगदान दिया। मैच का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, मनोज कटारे, सपना राजेश जैन एवं नरेंद्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ हुआ।



विदिशा। अपनी टीम को जिताने के लिए गेंदबाजी करता हुआ बोलर।

### प्रतियोगिता का फाइनल कल

243 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर की टीम ने कड़ा संघर्ष किया। ओपनर आर. संजय ने 44 गेंदों में 84 रन बनाए, वहीं राठी ने 20 गेंदों पर 41 रन और दिनेश नोएडा ने 26 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाकर मैच को रोमांचक बनाए रखा। हालांकि इंडियन नेवी के गेंदबाज मोहित जांगड़ा, पूनम पूनिया, अमित शुक्ला और विशाल गौड़ की अनुशासित गेंदबाजी के चलते नागपुर की टीम 20 ओवर में 221 रन ही बना सकी। शानदार शतकीय पारी के लिए शुभम रोहिल्ला को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पुरस्कार रामचंद्र यादव एवं नवतेज सिंह द्वारा प्रदान किया गया। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को इंडियन नेवी और फरीदाबाद के बीच खेला जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल उपस्थित रहेंगे।

## एसडीएम ने पतंग दुकानें जांचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विक्रय पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी चाइनीज मांझा न बिके, इसके लिए सघन जांच-पड़ताल की जाए तथा दुकानों की जांच हेतु दल गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कुरवाई क्षेत्र में प्रशासन द्वारा पतंग दुकानों की व्यापक जांच की गई। एसडीएम कुरवाई मनीष जैन ने बताया कि जांच के दौरान दुकानदारों एवं आम नागरिकों को चाइनीज मांझा के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा इसके उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं व जनहानि के प्रति



जागरूक किया गया। एसडीएम श्री जैन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी दुकान में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बिकता पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को केवल सामान्य व सुरक्षित धागा बेचने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे चाइनीज मांझा न खरीदें और न ही उसका उपयोग करें। प्रशासन का उद्देश्य पर्व को सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाना है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6201
सरसों
न्यूनतम भाव-6510
उच्चतम भाव-6800
चना
न्यूनतम भाव- 4100
उच्चतम भाव- 5677
मसूर
न्यूनतम भाव-5750
उच्चतम भाव-6150
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6680
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 1800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3550
धान
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-3840
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8000
उड़द
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-6500
गेंहू
न्यूनतम भाव-2420
उच्चतम भाव-3142
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4131

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 7902 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### इलाके में सर्दी का दौर जारी

**गंजबासौदा।** विगत एक पखवाड़े से इलाके भर में सुबह एवं रात्रि के समय एक ओर जहां कोहरा छा रहा है। वहीं दूसरी ओर दिन भर ठण्डी हवाएं चल रहीं हैं। जिससे बचने के लिए लोग गर्म कपड़े स्वेटर, मफलर, टोपा आदि का सहारा ले रहे हैं एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

# ग्राम साहबा टपरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निजी संस्थान और SBI फाउंडेशन के अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स के माध्यम से गंजबासौदा ब्लॉक के गांव साहबा टपरा में विशिष्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पधार, साहबा, साहबा टपरा, खोंगरा, खजुरी, औरगंपुर में 170 मरीजों ने निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। जिसमें सामान्य ओपीडी और बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी, खांसी, कान, एलर्जी, बॉडी पेन, ANC, PNC की जांच की गई एवं निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। यहां उल्लेखनीय है कि संस्था समाज सेवा के निरंतर कार्य करती आ रही है। इसी के तहत 10 जनवरी को चौरावर गांव में कैंप लगाकर 39 मरीजों की ओपीडी की गई एवं 12 जनवरी को ग्राम नौघई में 82 मरीजों की ओपीडी कर डाक्टरों के द्वारा उपचार कर निशुल्क दवाइयां भी दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में हार्डवेयर एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश तनवानी, निजी संस्थान से डॉक्टर सचिन अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक बुलबुल मौर्य, प्रिया




वंशकार, संजू दांगी, रोहित विश्वकर्मा, प्रदुम्न पंथी, राहुल नामदेव एवं स्वास्थ्य विभाग से CHO शीला साहू, साहबा गांव की आशा कार्यकर्ता सरजू लोधी, सुनीता लोधी, उमा लोधी, इमरती पाल, बबली कुशवाह, आरती अहिरवार, अमवारी बी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रविता लोधी, बिमला यादव, आंगनवाडी सहायिका मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। शिविर को सफल बनाने में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष शामिल हुए।

# मृत्यु भोज बंद करने का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


शिवराज सेन के पिताजी के निधन पर सेन समाज विकास संगठन की पहल पर मृत्यु भोज न करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सेन, जिला अध्यक्ष डॉ. सुमेर सिंह एवं अन्य समाज बंधुओं ने शिवराज सेन के अनुकरणीय निर्णय की सराहना कर सामाजिक कुरीति को बंद किए जाने की विकास संगठन की अच्छी उपलब्धि बताया। सेन समाज विकास संगठन अन्य क्षेत्रों में भी ऐसी कुप्रथा त्यागने का प्रयास करता रहेगा।

### श्रद्धालुओं को गुरुवार को भी होंगे लड्डुओं से किए भव्य श्रृंगार के दर्शन

# खाटू श्याम बाबा का एकादशी पर 3100 लड्डुओं से किया दिव्य श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

षष्ठतिला एकादशी और मकर संक्रांति के पावन संयोग पर खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को बाबा श्याम रंग-बिरंगे लड्डुओं से बनी श्रद्धा की माला पहने हुए दिखाई दिए, तो वहीं मंदिर परिसर भी आस्था रुपी रंगीन पतंगों से सजा नजर आया, मानों आसमान की खुशियां उतरकर बाबा के दरबार में ठहर गई हों। मंदिर परिसर में लहराती पतंगें भक्तों की उमंग और आस्था के प्रतीक के रूप में दिखाई दीं। बुधवार को खाटू श्याम के दीवानों ने षष्ठतिला एकादशी पर अनूठा श्रृंगार कर बाबा के दरबार को भक्ति का अद्भुत स्वरूप दिया। सुबह नगर में बाबा श्याम की ध्वजा और गाजे बाजे के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जो हनुमान चौक से प्रारंभ होकर कीर्तन करते हुए श्याम बाबा के जयघोष के साथ खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालु नाचते-गाते, भजनों में लीन होकर बाबा के दरबार तक पहुंचे। चक्क स्वरूप नगर वार्ड 13 स्थित खाटू श्याम मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित वीरेन्द्र दुबे ने बताया कि षष्ठतिला एकादशी और मकर संक्रांति का पर्व होने पर बाबा श्याम का श्रृंगार भक्तों की आस्था रुपी राजगीर के लड्डू और पतंग से किया गया। 3100 लड्डुओं से बाबा की प्रतिमाओं के चारों और दिव्य तरीके से माला का रूप देकर नयनाभिराम विशेष सजावट की गई। देसी गुड़ की सामग्री से पूरी पवित्रता के साथ बनाए गए लड्डुओं को तैयार करने में 7 दिन का समय लगा और रात भर जागकर श्याम बाबा की लड्डुओं से सजावट भी मंदिर सेवकों ने ही की, जिसमें हर लड्डू के साथ श्रद्धा और समर्पण जुड़ा था। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर श्याम दरबार को रंग-बिरंगी पतंगों से सजाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत भजनों की स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर "हारे का सहारा श्याम हमारा" के उद्घोष से गूंज उठा। दिन भर बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्तों ने बाबा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि उन्हें लाइन लगाकर दर्शन करवाए जा सके। मकर संक्रांति का त्योहार गुरुवार को भी होने के कारण षष्ठतिला एकादशी पर खाटू श्याम बाबा के लड्डुओं से किए गए श्रृंगार के दर्शन गुरुवार को भी होंगे। इसके बाद बाबा की विशेष आरती पूजन के बाद लड्डुओं को श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी के रूप में वितरित किया जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी बाबा का नोटों और फूलों से श्रृंगार किया जा चुका है।



**गंजबासौदा।** खाटू श्याम बाबा का लड्डुओं से किया गया श्रृंगार

# दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ गुरुवार से हो रहा है। प्रथम दिवस दोपहर दो बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, विशेष अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, राजेश तिवारी, एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी होंगी। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को पारितोषिक वितरण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, अध्यक्षता समाज सेवी कांति भाई शाह, विशेष अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी, रोहित भावसार, जिला शिक्षाधिकारी एसपी सिंह जाटव, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे उपस्थित रहेंगे। विद्यालय परिवार ने नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

# शिविर आयोजित कर दी शासन की योजनाओं की जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को ग्राम कैथोरी में धरती आबा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, खाद्यान्न पर्ची सहित शासन की अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारियों सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।

# स्वयं को प्रज्ज्वलित करें, दुनिया पर प्रभाव डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में युवा दिवस मनाया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर साल 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती को भारत में युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि युवाओं को उनके प्रेरणादायक विचारों और आदर्शों से जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा सके। जिससे युवाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाया जा सके। युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आवाहन किया। उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस एक ऐसा विषय अपनाता है, जो युवा विकास और राष्ट्रीय प्रगति के लिए समकालीन प्राथमिकताओं को दर्शाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का विषय स्वयं को प्रचलित करें दुनिया पर प्रभाव डालें, विवेकशील व्यक्ति ही स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्व का



निर्माण करता है। इस मौके पर एके रोहिले, विजय अरोरा, नरेंद्र जैन, हीरालाल पाटस्कर, कैलाश नामदेव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार के जन्मदिन के अवसर पर पाठक संघ के पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल से उनका सम्मान किया गया। इस दौरान प्रमोद शर्मा, राजन शिल्पकार, तरुण शिल्पकार, कैलाश सिनेमा, बबलू राय सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया एवं आभार सतीश शिल्पकार ने व्यक्त किया।

### बरेठ रोड पर लगा जाम

**गंजबासौदा।** बुधवार को बरेठ रोड पर भावसार पुलिया के आगे छोड़ी गई साइड पर सीसीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान निर्माण सामग्री और वाहनों के खड़े होने से मार्ग संकीर्ण हो जाने से इस मार्ग से होकर जाने वाले दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय यातायात का दबाव अधिक होने से इस मार्ग पर बार बार जाम की स्थिति निर्मित होती रही।

# मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम दिव्यगुणों से सुन्दर सजी पतंगों को सभी ने मिलकर उड़ाया जिसमें सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, खुशी आदि अध्यात्मिक संदेश दिए जा रहे थे। भारत में मकर संक्रांति का पर्व हरियाली, सुख, समृद्धि, अन्न से भरपूर होने का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पवित्र पर्व है जो मनुष्य को जीवन श्रेष्ठ बनाने का संदेश देता है। मकर संक्रांति पर सूर्य मकर राशि की और आगे गमन करता है दिन परिवर्तन होता है। खुशियों भरा त्यौहार है जिसमें पतंग उड़ाने का आध्यात्मिक अर्थ यही है हम जीवन में खूब उन्नति करें पंख लगा कर उड़े, हिम्मत और साहस के साथ उड़े, जीवन में खूब तरक्की करें लेकिन स्नेह की डोर के साथ बंधे रहना




मर्यादाओं की, नियम की और संयम की। तभी हमारे जीवन में सुख शांति संभव है। जीवन में कई बातें उलझाने वाली होती हैं हमारे अंदर मनमुटाव हो जाता है। ऐसे समय पर हमें उन बातों को भूलना होता है अर्थात ढील देना होता है जिससे संबंध मजबूत बने रहते हैं। मकर संक्रांति पर तिल गुड़ के लड्डू एक दूसरे को खिलाए जाते हैं और मीठी-मीठी बातें बोली जाती हैं अर्थात हमें एक दूसरे से स्नेह और प्यार से मीठे बोल बोलना है। जीवन की डोर पतंग की भांति कस कर पकड़ कर रखना चाहिए। साथ ही उड़ने के लिए अध्यात्म और मूल्य के जरिए जीवन को सहेजने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में जब तक आपसी स्नेह व खुशी है जीवन रुपी पतंग उड़ती रहेगी। इसके साथ ही पूरा परिवार खुशियों के डोर में उड़ने लगेगा। परमात्मा के हाथ में जीवन की डोर देने से पूरा परिवार खुशहाल रहेगा। अंत में सभी ने बैलून के साथ पतंगों को आकाश में छोड़ा। दीदी ने सभी का मुंह मीठा कराया एवं आपसी स्नेह और प्यार से रहने की सीख दी।

### रघुवंशी समाज के तहसील अध्यक्ष बने देवेंद्र सिंह, समाज सुधार की दिशा में उठाएंगे कदम

**गंजबासौदा।** वरिष्ठ व्यवसायी एवं प्रगतिशील कृषक देवेंद्र सिंह रघुवंशी पप्पू रामजी (सिरसावली) को सर्वसम्मति रघुवंशी समाज का तहसील अध्यक्ष घोषित किया गया है। रघुवंशी के गंजबासौदा तहसील अध्यक्ष पद की घोषणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी की सहमति से समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी द्वारा की गई है। तहसील अध्यक्ष मनोनीत होने पर देवेंद्र सिंह का समाजजनों ने उत्साह के साथ पुष्पमालाओं से स्वागत किया। रघुवंशी समाज के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी सिरसावली ने कहा कि समाज को संगठित करने के लिए सक्रिय इकाइयों का गठन किया जाएगा। युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जाएगा, ताकि समाज की आवाज एकजुट होकर प्रभावी ढंग से उठा सके। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता में है और इसी मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ा जाएगा। समाज सुधार को प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों का विरोध, विवाह एवं सामाजिक आयोजनों में सादगी तथा आपसी समरसता को मजबूत करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में आगे आएं और कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। रघुवंशी समाज के नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ने समाजजनों से अपेक्षा जताई कि वे संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करें, सुझाव दें और समाजहित के कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही समाज सुधार की पहल हो सकती है। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष को बधाई दी है।

### एलबीएस में हो रहा रासेयो का सात दिवसीय शिविर आयोजित

# कमियां बताने से दूर होती हैं, कमियों से घबराएं नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिनकी आंखें नहीं उसका जीवन शून्य है। इसलिए पहला सेवाकर्म दृष्टि के लिए किया जाए। कुछ कमियां बताने से ही दूर होती है। इसलिए कमियों से न घबराएं। कैम्प में गतिविधियां छूटना नहीं चाहिए। कैम्प प्रोजेक्ट से ही अन्य कैम्पों की ओर अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि एक ग्रामीण और गरीब माता पिता का कथन था कि जीवन में कल्पना से परे हमें देश के राष्ट्रपति भवन को देखने का सौभाग्य एनएसएस स्वयंसेवक हमारे बेटे के कारण ही नसीब हो सका है। यह बात एलबीएस कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में योजना के जिला संगठक डॉ. पीके जगा ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए समझाई। इस मौके पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने स्वयं सेवकों को बताया कि 11 सितम्बर को विवेकानंद का शिकागो में भाषण प्रेरणा देता है। आज युवा वर्ग नशे की लत में घिरता जा रहा है। सिगरेट तम्बाखू की लत से लाखों लोग केंसर से मर जाते हैं। विधि विभाग के प्राध्यापक आरआर द्विवेदी ने कहा कि कमियां होती है, सुधार करते हुए करते चलें। कार्य न करने से अच्छा है कि कार्य करते चलें। एनएनएस की परिकल्पना मूल उद्देश्य सेवा के माध्यम, महात्मा गांधी के 18 रचनात्मक कार्य, ग्राम विकास, नशा कैम्प की सीख जीवन में उतरना चाहिए। शिविर के दौरान सरस्वती पूजन, नृत्य, नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटिका व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जैन महिला संगठन की अध्यक्ष अलका ओसवाल, बासौदा शिक्षा समिति की पदाधिकारी स्वाति ओसवाल, कमलेश विश्वकर्मा, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई नम्रता अरोरा, कार्यक्रम अधिकारी बालक इकाई डॉ. मनोज सक्सैना, सहायक ऐवन सिंह विश्वकर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी द्वारा मंगलवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मैंटेनेंश कार्य होने के चलते दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक क्षेत्र में बिजली प्रदाय बंद रखा गया। जिससे क्षेत्रवासियों को घण्टों तक बगैर बिजली के समय निकालना पड़ा। उपभोक्ताओं ने कंपनी से कटौती बंद करने की मांग की है।

### दुकान का टीनशेड तोड़कर की चोरी

**गंजबासौदा।** हतोड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पास बीएस एग्रो नाम से बेल्डिंग की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। फरियादी वीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि वे दुकान के शटर में ताला लगाकर घर गए थे। जब सुबह दुकान पर पहुंते तो दुकान के बगल की टीन का चद्दर निकला हुआ बगल में रखा हुआ था। संदेह होने पर जब अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा करीब डेढ दो क्विंटल लोहे का सामान गायब था। चोर दुकान का टीन का स्क्रू खोलकर अंदर घुसे और उक्त सामान चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये होगी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने चोर के विरुद्ध धारा 331(4), 305 (a) के तहत मामला दर्ज किया है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में चोर गिरोह लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिससे लोगों में भय व्याप्त है।

# तारण बस्ती में एकजुट हिंदू समाज का सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तारण बस्ती का हिंदू सम्मेलन बुधवार को वार्ड नंबर 13 स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में अनुशासन, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आयोजित हुआ। सम्मेलन में हिंदू समाज की योग्यता, एकता और संकल्प को केंद्र में रखते हुए वक्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि हिंदू समाज न कटेगा, न बंटेगा, बल्कि संगठित होकर राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा करेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य वक्ता गमाखर खंड विस्तारक पीयूष सिंह ने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संगठन क्षमता और एकजुटता है। जब समाज एक स्वर में बोलता है, तभी राष्ट्र सशक्त होता है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज जाति, वर्ग और क्षेत्रीय भेद से ऊपर उठकर एक मंच पर आए और अपनी जिम्मेदारियों को पहचाने। नागरिक




सेवा समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह ने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है, राष्ट्र रहेगा तो हम रहेंगे। समाज को काटने और बांटने वाली मानसिकता से सतर्क रहना होगा और सामूहिक शक्ति का परिचय देना होगा। खाटू श्याम मंदिर के पंडित वीरेंद्र दुबे ने कहा कि हिंदू समाज को अपने भीतर से जाति-पात की बीमारी को पूरी तरह समाप्त करना होगा। जब तक मन और हृदय से यह भेदभाव नहीं हटेगा, तब तक समाज की वास्तविक शक्ति सामने नहीं आएगी। संस्कृत शिक्षिका अभिलाषा चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदू समाज की पहचान उसकी भाषा, संस्कृति और संस्कारों से है। मील माता मंदिर पुजारी पंडित अनिल चतुर्वेदी ने भी हिंदू समाज से एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के साथ आगे आने का आवाहन किया। कार्यक्रम में भजन गायिका मिली कुशवाहा द्वारा भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी गईं।

### प्लेबैक सिंगर मानसी घोष की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मालथौन गौरव दिवस संपन्न

# गोधाम में गौ अभ्यारण्य और गीता भवन बनेगा, दोनों मंदिरों का नव निर्माण कर वैभव लौटाएंगे: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मालथौन के लिए घोषित किया गया गौ अभ्यारण्य सिद्ध क्षेत्र गौधाम में बनाया जाएगा। गऊधा धाम में 5 करोड़ की लागत से गीता भवन बनाया जाएगा जो सभी धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन स्थल बनेगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित मालथौन गौरव दिवस के मंच से यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मालथौन का गौधाम एक बड़े धार्मिक तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मालथौन गौरव दिवस प्लेबैक सिंगर मानसी घोष की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि देवभूमि, धर्म भूमि गऊधाधाम से मैं सभी को मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर शुभकामनाएं देता हूं। गौधाम, गऊधा धाम के प्रति लोगों की आस्था प्राचीन काल से रही है। मकर संक्रांति पर लगने वाले मेले में यहां के दिव्य कुंड, प्राचीन हनुमान जी मंदिर और प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन करने हजारों लोग आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार खुरई विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में जब मैं यहां आया तो यह सिद्ध क्षेत्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। 5 करोड़ की लागत से गऊधा धाम कुंड के सौंदर्यीकरण और गहरी करण कार्य के बाद इस क्षेत्र को उसका सांस्कृतिक वैभव लौटाने के प्रयास शुरू किए गए थे। यहां तक पहुंचने के लिए अच्छी सड़क भी बनवाई गई। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि गऊधा धाम में 150 एकड़ सरकारी भूमि है जिस पर गौ अभ्यारण्य बनाया जाएगा जिसमें हजारों गौवंश सुख सुविधा से रह पाएंगे। उन्होंने कहा कि 5 करोड़ से बनने वाले गीता भवन में कई कमरे, बड़ा हाल जैसी सभी सुविधाएं होती हैं। मालथौन व आसपास के लोग अपने कथा,पूजा,यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए गीता भवन का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि गऊधा धाम के भगवान शिव तथा हनुमान जी मंदिरों को पुनः उनकी प्राचीन शैली में भव्य स्वरूप के साथ निर्मित करना है। इसका नक्शा बन चुका है और जल्दी ही इस पर काम शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे मन में था कि गऊधा धाम को एक धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहार मेलों की परंपरा का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है जो समाज को आपस में जोड़ती है। विशेष रूप से माघ मास में एक महीने का कल्पवास होता है। माता पार्वती ने यह कल्पवास किया तब उनका विवाह भगवान शिव जी से हुआ था।

उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से गौधाम मेले और मालथौन गौरव दिवस को तीन दिवसीय आयोजन के रूप में किया जाएगा। इस मेले में 500 से अधिक दूकानें लग रही हैं जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होता है।सिंह ने कहा कि खुरई में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन पर क्षेत्र के लाखों लोगों ने उनका एतिहासिक स्वागत किया जिसके लिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने एक हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दीं जिसके लिए उनका क्षेत्र वासियों की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मालथौन के लिए मल्टी पर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की सौगात दी है जिसमें सभी खेलों की उच्च स्तरीय मानकों की सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से मालथौन की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल मंचों तक जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# विदिशा फिर से बना राष्ट्रीय चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज






प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ में भारत स्काउट गाइड विदिशा ने राष्ट्रीय स्तर पर पूरे मध्य प्रदेश में एक बार फिर जिला गेट/लेआउट/गैजेट्स एवं साज सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त राजेश मेवाड़े द्वारा बताया गया कि भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के जिला गेट एवं जिला टेंट लेआउट में विदिशा ने मारी बाजी। भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश से प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ 430 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिला वार प्रतियोगिताओं में विदिशा जिले के द्वारा जिला गेट एवं कैंप लेआउट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। संभागीय दल नेता एवं सहायक दल नेता ने जिला स्तर पर स्काउट विभाग मैं उसे उत्कृष्ट बताया एवं प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

गौरतलब है कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ में विदिशा जिले का दल जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव के निर्देशन में जिला संगठक आयुक्त श्रीमती अनीता पटले के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय खजान सिंह की प्रेरणा से जिला सचिव एवं दल नायक हरिहर चतुर्वेदी एवं सहायक दल नायक हनीफ खान मंसूरी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ। दल में अनिकेत विश्वकर्मा, सुमित लोधी, अंकेश बघेले, गंगाराम कुशवाह, ललित कुशवाह एवं हर्ष तिवारी रोवर के रूप में शामिल हुए। सभी रोवर ने राष्ट्रीय जम्बूरी में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर सहभागिता की। जिसमें एडवेंचर एक्टिविटी,कैंप क्राफ्ट,गैजेट्स,टेंट लेआउट, ग्लोवल विलेज, क्विज एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, झांकी इत्यादि प्रमुख हैं। विदिशा की इस शानदार कामयाबी पर भारत स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बधाई प्रेषित की।

# एकता और अखंडता का पवित्र पर्व है मकर संक्रांति : कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित समारोह में विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। भारतीय संस्कृति के ऐसे पारंपरिक अवसरों के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश प्रवाहित होता है। कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने भी सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्कृत विभाग के डॉ. शशि कुमार सिंह ने मकर संक्रांति पर्व के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा का पर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस तिथि से लोगों में एक नवीन ऊर्जा का संचार शुरू होता है। यह सांस्कृतिक सम्मिलन और समागम का पर्व है। पूरे देश में इसके नाम अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन यह बहुत ही पवित्रता और उत्साह के साथ एक साथ मनाया जाता है।

कार्यक्रम में सभी उपस्थित सदस्यों ने खिचड़ी के साथ-साथ तिल-गुड़ से बने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर कुलपति के साथ-साथ शिक्षकों, कर्मचारियों ने पतंग भी उड़ाई। आयोजन के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### परीक्षा तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 15 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे रवीन्द्र भवन, सागर में परीक्षा की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विगत वर्ष 2025 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षाफल की जानकारी पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। निःशुल्क साइकिल वितरण 2025 अंतर्गत विद्यार्थियों को साइकिल वितरण एवं चेसिस नंबर की प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी।

# धाम देवपुर में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, मेले का भी उठाया लुफ्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में मंगलवार शाम से ही भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। बुधवार को प्रातः सैकंड़ो भक्तों ने देवपुर धाम में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और मेले का लुफ्त उठाया। बुधवार को प्रातः कई भक्त नंगे पैर बाबा के जयकारे लगाते हुए विश्वनाथ धाम पहुंचे तो कई मंडलिया भजन कीर्तन करते हुए पहुंचे।

इस बार मकर सक्राति 14-15 जनवरी के चलते कई भक्त बुधवार को धाम देवपुर नही पहुंचे। वही बुधवार को प्रातः 7 बजे से ही मंदिर परिषर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।

कई भक्तों ने श्रध्दाभाव से कुण्ड में स्नान कर डुबकी लगाई। वही मंदिर में दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की कतारे लगी रही। इस बीच बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। वही देवपुर मेले के पहले दिन मेले में भारी भीड़ भाड़ देखने को मिली। इस बीच लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की, तथा कई ने झूलो का आनंद लिया। समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई,जिनके द्वारा मेला स्थल पर पैनी नजर बनाए हुए थे।

# ओशो प्रेम महोत्सव का हुआ समापन, साधकों ने ली दीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओशो प्रेमियों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ओशो प्रेम महोत्सव एवं आध्यात्मिक ध्यान शिविर का तारा रिजॉर्ट सांची रोड पर समापन हो गया। यह शिविर 8 जनवरी से 11 जनवरी तक निरंतर चला, जिसमें छत्तीसगढ़ के चांपा से पधारे स्वामी आनंद एकांत जी के सानिध्य में सैकड़ों साधकों ने ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लिया।

स्वामी आनंद एकांत जी ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिभागियों को डायनामिक ध्यान, नटराज ध्यान, कुंडलिनी ध्यान, चक्र साउंड ध्यान, मौन ध्यान और प्रार्थना जैसे विविध ध्यान प्रयोग कराए गए। इन ध्यान साधनाओं के प्रभाव से साधकों के तन-मन में गहरा परिवर्तन देखने को मिला। अनेक साधक आनंद की अवस्था में नृत्य करते, परस्पर प्रेम और आत्मीयता व्यक्त करते नजर आए। ध्यान की गहराई ऐसी रही कि कई लोगों का मन सांसारिक बंधनों से विमुक्त होने लगा और वे शिविर स्थल छोड़ने की इच्छा ही नहीं कर पा रहे थे।

इसी आध्यात्मिक वातावरण में 22 साधकों ने स्वामी आनंद एकांत जी से विधिवत दीक्षा ग्रहण की। शिविर के दौरान भोपाल मिनाल से पधारी रविकाल सोनी टीम द्वारा आयोजित भव्य भजन संध्या ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिसकी उपस्थितजनों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर जिला स्तरीय संवाद ग्रामोदय से अभ्युदय का शुभारंभ

### संवाद में राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति और ग्राम विकास पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जिला विदिशा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पावन अवसर पर जिला स्तरीय संवाद एवं कार्यशाला ग्रामोदय से अभ्युदय का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं और समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

श्रीमती रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। ग्रामोदय से अभ्युदय की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग जागरूक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करे और ग्राम स्तर से समग्र विकास की दिशा में कार्य करे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शिवानी वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा तथा डॉ. वायके जैन डायरेक्टर एसएटीआई कॉलेज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

जिला प्रचारक विशाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यशाला के दौरान युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ सार्थक संवाद हुआ तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों को ग्राम विकास, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने पर जोर दिया गया। अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जन अभियान परिषद की जिला टीम को बधाई देते हुए सभी उपस्थितजनों के

# कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय संगीतमयी रामकथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

डंगरवा डा में 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीरामकथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा गांव भक्तिरस में सराबोर हो गया।

महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल रहीं, जबकि युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक चलते रहे। गांव वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया और आरती उतारकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। कथा स्थल पर कथा वाचक पंडित अंकुर माधव महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीरामकथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महाराज जी ने कहा कि रामकथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, सेवा और त्याग का संदेश देता है। यदि मानव अपने जीवन में राम के आदर्शों को आत्मसात कर ले, तो समाज स्वतः ही सुखी और समृद्ध बन सकता है। मुख्य यजमान मोहन सिंह धाकड़, मंदिर सरंक्षक अशोक सोनी, भाजपा नेता कमलेश मेहर, जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़, समाजसेवी ओम प्रकाश साहू, दीपक धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### 18 को हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां की तेज

**कुरवाई।** नगर में आगामी 18 जनवरी, रविवार को आयोजित होने जा रहे हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह सम्मेलन कुरवाई स्थित मुरलीधर मंदिर प्रांगण में होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के लोगों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन को लेकर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बनता जा रहा है। रात्रि के समय कार्यकर्ता नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों को भगवा पट्टियों से सजाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी से सकल हिन्दू समाज द्वारा प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसके माध्यम से नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित रहने का आव्हान किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरण एवं हिन्दू समाज को संगठित करना है। नगर में उत्साह का माहौल है तथा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है।

### पुलिस पंचायत का परिचय पत्र बना सीनियर सिटीजन का संबल

# कार्ड दिखाते ही बदला व्यवहार, बुजुर्गों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत सीनियर सिटीजन के लिए एक प्रभावी और भरोसेमंद मंच के रूप में उभर रही है।

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पंचायत कोर कमेटी सदस्य आर कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, डॉ. सचिन गर्ग, विनोद शाह, डीके वाजपेयी एवं पार्थ पीतलिया उपस्थित रहे। बैठक में सीनियर सिटीजन से जुड़े सामाजिक, पारिवारिक एवं संपत्ति विवादों की संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की गई। इस अवसर पर पुलिस पंचायत के सीनियर सिटीजन सदस्यों को परिचय पत्र (आई-कार्ड) प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि वे पुलिस पंचायत परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं और किसी भी कठिन परिस्थिति में पुलिस पंचायत उनके साथ खड़ी है। में एक सेवानिवृत्त महाविद्यालय प्राध्यापक को संपत्ति संबंधी दबाव का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस पंचायत का परिचय पत्र मिलने के बाद जैसे ही उन्होंने यह आई-कार्ड अनावेदक को दिखाया, उसका व्यवहार बदल गया। प्रस्ताव वापस लिया गया और सीनियर सिटीजन से क्षमा याचना की गई।

#### 20 प्रतिशत राशि देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी

70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को न्यायपूर्ण परामर्श मिला। पति के निधन के बाद अकेली रह रही महिला के मकान संबंधी विवाद में कानूनी, नैतिक व भावनात्मक पहलुओं पर चर्चा कर समाधान के विकल्प सुझाए गए। पारिवारिक सौहार्द को ध्यान में रखते हुए 20 प्रतिशत राशि दिए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। अकेले बुजुर्ग को पुत्रवधू द्वारा मानसिक प्रताड़ना से राहत दिलाने के निर्देश दिए गए और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया गया। पुलिस पंचायत का यह प्रयास सीनियर सिटीजन को न्याय के साथ आत्मसम्मान, सुरक्षा और विश्वास की नई ताकत प्रदान कर रहा है।

### बैठक में विधायक ने बीएलओ को दिए निर्देश




**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत ग्यारसपुर में गंजबासौदा विधानसभा के विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआई) को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विधायक ने शासकीय बीएलओ से सीधे संवाद कर प्रत्येक पोलिंग बूथ की स्थिति की जानकारी ली और यह जाना कि कितने नए मतदाता जोड़े गए हैं। उन्होंने पार्टी के बीएलए से भी अपने-अपने पोलिंग बूथ की विस्तृत जानकारी लेते हुए सख्त निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता नाम जुड़ने से वंचित न रहे। साथ ही, यदि किसी मतदाता का नाम गलती से कट गया हो तो उसे पुनः जोड़ने के लिए तत्काल प्रयास किए जाएं।

**In The Court Of Civil Judge Junior Division, Sironj, District Court, Vidisha**

**Presiding Officer: सुश्री अंकिता जैन**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000065/2025)

समकित जैन................वादी

VS

महेन्द्र जैन........ .. प्रतिवादी

Process Id- /2025

प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 20/02/2026

(1) सर्व साधारण, पता- सिरोंज, जिला विदिशा म.प्र.

यह कि प्रार्थी समकित जैन उर्फ पराग जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन निवासी मोहल्ला बेगम बाग मंडी रोड सिरोंज जिला विदिशा मध्यप्रदेश ने अपने नाम की घोषणा हेतु वाद न्यायालय में संस्थित किया है जिसमें वादी समकित जैन उर्फ पराग जैन है तथा प्रतिवादी के रूप में उसके माता-पिता, बहन, पत्नि एवं पुत्र को पक्षकार बनाया गया हैं जिसमें प्रतिवादी क्रं.-1 महेन्द्र जैन पुत्र केशरीमल जैन पिता है। प्रतिवादी क्र.-2 संचिता जैन पत्नि महेन्द्र जैन माता हैं। प्रतिवादी क्रं.-3 मनोग्या उर्फ मनीषा जैन बहन हैं। प्रतिवादी क्रं.-4 दिपाषा पत्नि समकित जैन उर्फ पराग जैन पत्नि हैं। एवं प्रतिवादी क्रं.-5 बुद्धवीर नाबालिग पुत्र पराग उर्फ समकित जैन पुत्र हैं पक्षकार हैं व इसके अतिरिक्त वाद घोषणा का होने से सर्व-साधारण को प्रतिवादी क्रं.06 के रूप में आवश्यक होने से पक्षकार बनाया गया है। अतऐव सर्वसाधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता हैं ,कि यदि सर्वसाधारण को उक्त वाद के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है,कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। नियत दिनांक को अवकाश होने की दशा में आगामी कार्य दिवस को कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। यह आज तारीख 08 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश अंकिता जैन**
**व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड**
**सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.**

**खबर संक्षेप**

## जिले में गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल-2, एफएल-3, एफएल-7 पूर्णतः बंद रखे जाने के साथ ही जिले की मदिरा उत्पादन इकाई लायसेंस डी-1, बी-3, एफएल-9, एफएल-9ए, सीएस-1बी में उत्पादन को छोड़कर आयात-निर्यात एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए गए हैं।

## सवा करोड़ की लागत का सतधारा स्तूप सीसी रोड हुआ खराब



**सलामतपुर।** पर्यटन स्थल सतधारा स्तूप पहुंचने के लिए जो सीसी मार्ग सवा करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था वह पूरी तरह से खराब हो चुका है। इसकी गिट्टियां तक उखड़ चुकी है। वहीं सतधारा स्तूप क्षेत्र में बिजली पानी की भी व्यवस्था नही है। जिसकी वजह से पर्यटक परेशान हैं। भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 रोड से सतधारा स्तूपों की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है। यहां पर जाने के लिए 1 करोड़ रुपए की लागत से नहर से लगकर सीसी रोड डाला गया था। वह भी घटिया निर्माण के चलते जगह जगह से खराब हो गया है। स्तूप परिसर में बिजली लाइट की व्यवस्था नही है। यहां पर रात भर सिर्फ 1 सोलर लाइट के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। और अभी सर्दी के मौसम में पर्यटक यहां कम ही आते हैं। क्योंकि यहां पर अच्छी व्यवस्था नही है। पर्यटन विभाग को इस और ध्यान देकर सतधारा स्तूप क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर करनी चाहिए। गौरतलब है कि प्रदेश में बौद्ध स्तूपों की बात हो तो सांची के अलावा दूसरा नाम ही नहीं सूझता जबकि यही खासियत सतधारा स्तूप की भी है। इसे राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में शामिल तो किया, लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में ये बौद्ध स्तूप वीरान पड़े हुए हैं। वहीं वर्ष 92 में यूनेस्को द्वारा यहां के विकास के लिए सर्वप्रथम 50 लाख रुपए की राशि दी गई थी। जिससे मात्र एक बाहरी दीवार व सीढ़ियां बनाई गईं और उसके बाद कई बार करोडों रुपए की राशि यहां के विकास के लिए आई।

हजारों श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति पर लगाई नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी

मकर राशि में सूर्य का प्रवेश, पुण्यकाल में दान-पुण्य का विशेष महत्व

पतंगों से सजा आसमान, दान-पुण्य व पतंगबाजी से रही मकर संक्रांति की धूम

मकर संक्राति पर घर-घर बने गुड़ और तिल के लड्डू, पर्व की दी लोगों ने बधाई



### नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं व वाहनों की रही भीड़, नर्मदा तट मार्गों पर बने जाम के हालात

# मकर संक्रांति : श्रद्धालुओं ने लगाई मुहूर्त की डुबकी सोमेश्वर व भोजेश्वर महादेव का हुआ विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बरेली

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे यह पर्व अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर दान-पुण्य, स्नान, पूजन और दर्शन का विशेष महत्व रहता है। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु पवित्र नदी नर्मदा, बेतवा सहित अन्य पवित्र नदियों के घाट तालाबों और सरोवरों के तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। नर्मदा, बेतवा सहित अन्य नदियों और जलाशयों में श्रद्धालुओं ने स्नान कर तिल, खिचड़ी, गुड़, वस्त्र और अन्न का दान किया। वहीं इन घाटों पर मेलों का आयोजन हुआ।

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला एवं पंडित राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होने से इस पर्व का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस दिन किया गया दान-पुण्य कई गुना फलदायी माना जाता है।पर्व के अवसर पर सुबह से ही देवी देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। घरों में तिल-गुड़ से बने व्यंजन और खिचड़ी बनाई जाएगी वहींजरूरतमंदों को दान कर लोगों ने पुण्य अर्जित करेंगे ।

नर्मदा तटवर्ती मार्गो पर चार पहिया, दो पहिया वाहनों की रेलमपेल और अधिकता के कारण मार्गो पर घंटो जाम की स्थिति बनी रही। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों ख्याति प्राप्त नर्मदा तटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। बुधवार को जैसे ही मकर संक्रांति का पर्व स्नान काल प्रारंभ हुआ क्षेत्र के नर्मदा तट अलीगंज, पुलघाट मांगरोल, बगलवाडा, डूमर, घाट पिपरिया, सोजनी के साथ देवरी, उदयपुरा क्षेत्र के पतई, शोकलपुर, बौरास, धर्मपुरा राख, गायब्यान, केतोघान, बाड़ी क्षेत्र के मौतलसिर, सनखेडा, भारकच्छ कलां मदागन नर्मदा तटों पर पहुंचे लाखों धार्मिक श्रद्धालुओं, नर्मदा भक्तों द्वारा नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाई जाती रही।

मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने तिल और गुड़ के लड्डुओं की माला और पतंग से सजे सोमेश्वर महादेव, मंदिर परिसर में भी की आकर्षक साज-सज्जा

एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग भोजेश्वर महादेव (भोजपुर) का किया आकर्षक श्रृंगार, दर्शनों के लिए मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़





## नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने हजारों नर-नारियों की भीड़

### बुधवार के साथ आज गुरुवार को भी मकर संक्रांति पर स्नान

**बरेली।** भगवान सूर्य नारायण के दिशा परिवर्तन उत्तरायण होने के साथ मकर राशि में प्रवेश की ऋतु परिवर्तन के महापर्व मकर संक्रांति पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालु की उपस्थिति रही। अपनी सुविधा के अनुसार श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली दो पहिया चार पहिया वाहनों में सवार होकर नर्मदा तटों पर पहुंचे, जहां संध्याकाल शुरू होते ही नर्मदा मैया में कड़ाके की ठंड के बाद पुण्य की डुबकी लगाने भारी उत्साह रहा।

सूर्यनारायण के मकर राशि में प्रवेश के साथ बुद्धियादित्य ग्यारस का योग वर्षों बाद आया बुधवार को नर्मदा तटों पर हजारों हजार श्रद्धालुओं ने नर्मदा मैया में पर्व स्नान किया। आज गुरुवार को भी सुबह-सुबह हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर नारी द्वारा नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाकर अपनी श्रद्धा भक्ति शक्ति के

◆ मकर संक्रांति सूर्य नारायण की दिशा परिवर्तन उत्तरायण और मकर राशि में प्रवेश

अनुसार तिल खिचड़ी वस्त्र प्रसाद इत्यादि दान करने की परंपरा को निभाया जाएगा।

मकर संक्रांति पर तिल तिल्ली के लड्डू बनाने खाने और खिलाने की प्राचीन परंपरा आज भी बनी हुई है। नर्मदा तटों पर परिवारों के साथ पहुंचे श्रद्धालुओं मकर संक्रांति पर नर्मदा मैया में दो बार डुबकी लगाने का अवसर मिलने के कारण नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालुओं का रात में भी डेरा बना रहा।

### नर्मदा मैया सेवा आश्रम में आज भंडारे का आयोजन

क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल परिवार द्वारा नर्मदा पुल घाट मांगरोल के पास नर्मदा मैया सेवा आश्रम नर्मदा परिक्रमा वासियों की ठहरने, भोजन, विश्राम की व्यवस्थाओं के साथ संचालित किया जा रहा है। आज गुरुवार 15 जनवरी को आश्रम में मां नर्मदा मैया भगवान शंकर की विशेष पूजन आरती और भंडारे प्रसादी का आयोजन रखा है। राज्यमंत्री पटेल एवं पूरे परिवार के साथ आज भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं धार्मिक श्रद्धालुओं की नर्मदा मैया सेवा आश्रम में उपस्थित रहेगी।

## मिनी पचमढ़ी में लगा मेला गीदगढ़ गुफा मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**दीवानगंज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हलाली डैम क्षेत्र स्थित मिनी पचमढ़ी सिद्ध बाबा मंदिर सहित गीदगढ़ गुफा मंदिर और आसपास के अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही भक्त पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा।

हलाली डैम के पास स्थित छोटी पचमढ़ी परिस्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर लगे मेले में दूर-दराज़ के गांवों से पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सिद्ध बाबा के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों और युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं गीदगढ़ गुफा मंदिर में भी सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने गुफा में स्थित देवालय के दर्शन कर मकर संक्रांति पर पुण्य लाभ अर्जित किया। अन्य मंदिरों पर भी भक्तों की लगातार आवाजाही बनी रही।



# सरकारी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती उत्साह से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का उत्साह पूर्वक आयोजन हुआ। विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत हुए कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के प्रेरक प्रसंग का वर्णन करते हुए नशा मुक्त समाज देश बनाने का उपस्थित छात्रों से आग्रह किया। विधिक जागरूकता व्याख्यान भी हुआ। मुख्य वक्ता न्यायाधीश माननीय अमित मालवीय माननीय ललित कुमार एवं सुश्री अंकिता नागर ने नशा मुक्ति पर विस्तार से विचार रखें।

नशा प्रवृत्ति से होने वाली हानियां शरीर को नुकसान की विस्तार से चर्चा की कहा कि नशा मुक्त समाज देश बनाना जरूरी है। सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त समाज बनाने और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन आदर्श पर चलकर जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज दुबे के मार्गदर्शन एवं विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर देवश्री बघमार के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं कॉलेज के स्टाफ की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रानू चौबे द्वारा किया गया।

# गुंडे-बदमाशों में पुलिस का खौफ हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

शहर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर की जाने वाली गुंडे-बदमाशों की परेड भी अपराधियों पर कोई असर नहीं डाल पा रही है। इसका ताजा उदाहरण बीती रात सामने आया है। स्टेट बैंक और अटवाल निवास के बीच देर रात करीब एक बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात बदमाशों ने दो युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन बुलोरो वाहनों में सवार बदमाश मौके पर पहुंचे और बिना किसी कारण युवकों को निशाना बनाया। मारपीट के दौरान बदमाशों ने युवकों को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

इस घटना ने एक बार फिर शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय शहर में गश्त न के बराबर है, जिससे बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। वहीं, नागरिकों ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# शुभम ने संघर्ष कर पाया लोकप्रिय नेता का मुकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



सामान्य परिवार के सदस्य शुभम चौहान जिन्हें लोग प्यार से लल्ला भैया के नाम से पुकारते हैं। इस युवा नेता ने सहज और सरल व्यक्तित्व को पुरोस कर लोगों के दिलों में अपना मुकाम बनाया। वहीं जिले के शिखर नेताओं के साथ प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से मेल मुलाकात उनकी राजनीति सहज सरल चेहरा भी लोगों को पसंद आया युवा नेता भाजपा के

जिले की राजनीति भाजपा के युवा प्रकोष्ठ अनेक पदों पर आसीन रहे। सामाजिक धार्मिक राजनीतिक कार्यक्रमों उनकी भगीदारी हमेशा ही बनी रहती है। नगर जिले प्रदेश के भाजपा वरिष्ठ नेताओं से उनके सीधे संबंध होने के कारण वह अपने नाम के मोहताज नहीं है। नगर पंचायत बाड़ी की अध्यक्ष ममता चौहान के सहयोगी सहभागी भूमिका में नजर आते हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान को अपना राजनीतिक गुरु मानते है। नगर एवं जिले के युवा नताओं में काफी लोकप्रिय नेता की भूमिका में दिखाई देते हैं। सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति हमेशा बनी रहती है।

नगर की राजनीति में उनका मानना है कि विकास में विश्वास की राजनीति में भरोसा भाजपा की सभी नेताओं से उनकी मधुर संबंध हैं। पक्ष विपक्ष नेताओं से भी उनके मधुर संबंध होने से शुभम चौहान मेल मुलाकात की भूमिका पर विश्वास करते हैं।

### घटिया निर्माण की शिकायत पर आई जांच टीम ही संदेह के घेरे में

# जांच की बजाय आवभगत से खुश, बैरंग लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं कायाकल्प–02 की जांच के लिए आई जांच टीम भी स्थानीय जनप्रतिनिधि नेताओं की 'आवभगत' में उलझ गई। ऐसे में जांच टीम की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर उठे गंभीर प्रश्न।

मालूम हो कि रायसेन जिले के गैरतगंज नगर परिषद अंतर्गत मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं कायाकल्प–02 योजना के तहत कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठी शिकायतों की जांच अब खुद सवालों के घेरे में आ गई है। नगर के कई नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से सड़कों व अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी की शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। जिसके बाद शासन स्तर से एक जांच दल गठित कर गैरतगंज भेजा गया।

लेकिन जांच दल की कार्यशैली को लेकर नगर में तीखी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस ठेकेदार के कार्यों की जांच की जा रही थी। उसी की "आवभगत" स्वीकार कर जांच दल बैरंग लौट गया।



नगर में यह जनचर्चा आम है कि जांच के दौरान अधिकारी ठेकेदार की नाश्ता करते और चाय पीते नजर आए। जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच टीम में अतुल श्रीवास्तव (आईक्यूएम), बृजेंद्र कुमार वर्मा (कार्यपालन यंत्री), संजय तिवारी (उपयंत्री, भोपाल), धीरज शर्मा (आरई) शामिल थे। बताया जा रहा है कि जांच दल ने नगर परिषद क्षेत्र में हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।लेकिन निरीक्षण की गंभीरता और निष्पक्षता को लेकर नागरिक संतुष्ट नजर नहीं आ रहे।

### जांच दल के रवैये से नागरिकों में खासा असंतोष

नगर में यह भी चर्चा है कि जांच दल को भेंटपूजा के लिए 'लिफाफा' मिला है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी इस तरह की चर्चाओं ने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया है। नागरिकों का कहना है कि यदि जांच वास्तव में निष्पक्ष होती, तो जांच दल का रवैया और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी नजर आती। तमाम जांच प्रक्रिया में हो रही सेटिंग बाजी के इस खेल से नागरिकों में खासा रोष व्याप्त है।

जांच दल के रवैये से नागरिकों में खासा असंतोष है। लोगों का कहना है कि अगर जांच ही सवालों के घेरे में होगी, तो दोषियों पर कार्रवाई कैसे होगी और भविष्य में ऐसे घटिया निर्माण कैसे रुकेंगे?

**इनका कहना है**

नगर में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से मुख्यमंत्री कायाकल्प अधोसंरचना दो के अंतर्गत सीसी सड़क नालियां और नालों का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रही है। जांच टीम को घटिया बनाने और निर्माण की शिकायतें मिलने से भोपाल से गैरतगंज जांच करने पहुंची थी।

\- **सुधीर उपाध्याय,** नप सीएमओ गैरतगंज

## स्कंद महापुराण कथा समापन पर बम्होरी (बर्धा) में कन्या भोज

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम बम्होरी (बर्धा) में आयोजित स्कंद महापुराण कथा का समापन श्रद्धा मय वातावरण में किया। समापन अवसर पर भव्य कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में कन्याएं एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश दिया।

ग्राम में विशेष रूप से तैयार किए भव्य पंडाल में देवी स्वरूप कन्याओं का विधिवत पूजन किया। कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ उन्हें स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया। भोजन उपरांत कन्याओं को भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किए गए तथा सम्मानपूर्वक विदा किया गया।